PODDAR PIGMENTS

Ref: PPL/JPR/SECT/2023-24 Date: 3rd September, 2023

BSE Ltd.,
Phiroze Jeejeebhoy Towers,
25th Floor, Dalal Street, Fort,
**Mumbai - 400001**

National Stock Exchange of India Ltd.,
Exchange Plaza, Plot No. C/1, G Block,
Bandra-Kurla Complex, Bandra (E),
**Mumbai - 400051**

**Company Code : 524570**

**Company Symbol : PODDARMENT**

**Sub: Intimation of Newspaper Advertisement of the Notice of 32nd Annual General Meeting and Remote E-Voting information**

Dear Sir(s)/Madam,

Pursuant to Regulation 30 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed herewith copy of Newspaper Advertisement published in English in "Financial Express" and in Hindi in "Nafa Nuksan" on 3rd September, 2023, in respect of Notice of 32nd Annual General Meeting and Remote E-Voting Information.

Kindly take the same on your records.

**Thanking you,**

Yours faithfully,
**For Poddar Pigments Limited**
ANIL KUMAR SHARMA Digitally signed by ANIL KUMAR SHARMA Date: 2023.09.03 11:05:23 +05'30'
**Anil Kumar Sharma**
**Company Secretary**
**FCS No. 9382**

**Encl: As above**

**Poddar Pigments Limited**
Regd. Office & Works :
E-10-11 & F-14 to 16
RIICO Industrial Area, Sitapura
Jaipur - 302 022 Rajasthan, India.
Tel.: +91-141-2770202/03/287/291
Fax : +91-141-2771922
Email : jaipur@poddarpigmentsltd.com
CIN : L24117RJ1991PLC006307
GSTIN : 08AAACP1125E1ZZ

## For Your Information...

**The countries with the most domestic and international airports:**



USA: 20,303
Brazil: 3,898
Mexico: 1,714
Canada: 1,620
Russia: 1,218
Argentina: 1,138
Colombia: 992
Bolivia: 952
Paraguay: 799
Indonesia: 683

Compiled by Nafanuksan Research

### यहां करें भ्रष्टाचार की शिकायत

एसीबी टोल फ्री नंबर : 1064
वाट्सऐप हेल्पलाइन नं. : 9413502834



### विचार सागर

*"मनुष्य के जीवन में अहंकार महत्त्वपूर्ण नहीं है बल्कि आत्म-सम्मान महत्त्वपूर्ण है।"*

- पी.सी. वर्मा

*"जो माता-पिता के सामने सिर झुकाता है, उसे किसी मंदिर मस्जिद में सिर झुकाने की जरूरत नहीं पड़ती है।"*

- सांवरमल सराफ

### Thoughts of the time

It is the duty of government to make it difficult for people to do wrong easy to do right.

-William E. Gladstone

Today I will do what other's Won't So tomorrow I shall do what others Can't

- Suresh Rathi

### राजस्थानी कहावत

**गाय नीं बांछी, नींद आवै आछी**

**न गाय न बच्छी, नींद आये अच्छी**

- जिस व्यक्ति की कोई पारिवारिक व सामाजिक जिम्मेवारी न हो तो वह निश्चिंत होकर सोता है।
- फक्कड़ व्यक्ति के लिए।

*-स्व. विजय दान देथा*
*साभार : रूपायन संस्थान, बोरूंदा*

# कोटा के आईपीआईए व चंबल इंडस्ट्रीयल एरिया में जल्द मिलेगी पीएनजी गैस

## सस्ती होने के साथ ही पॉल्यूशन में करेगी 40 पर्सेंट की कमी



**जयपुर/का.सं.।** राज्य सरकार के उपक्रम राजस्थान स्टेट गैस कोटा के इंद्रप्रस्थ (आईपीआईए) और चंबल इंडस्ट्रीयल एरिया के उद्यमियों को प्राथमिकता के आधार पर पाइप लाइन से प्राकृतिक गैस (पीएनजी) कनेक्शन उपलब्ध कराए जाएंगे।

आरएसजीएल के प्रबंध निदेशक रणवीर सिंह ने इंडस्ट्रीयल एरिया के उद्यमियों से आग्रह किया है कि वे अपने उद्योगों में पीएनजी गैस कनेक्शन प्राप्त करने के लिए आरएसजीएल के कोटा क्षेत्रीय कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

सिंह ने बताया कि कोटा में पाइप लाइन से पीएनजी गैस उपलब्ध कराने के लिए आधारभूत संरचना का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। कोटा में वाहनों के लिए भी 9 सीएनजी गैस स्टेशन चालू हैं। इसके साथ ही करीब 4 हजार घरों में पाइप लाइन से घरेलू प्राकृतिक गैस (डीपीएनजी) की सप्लाई की जा रही है। वहीं नए डीपीएनजी गैस कनेक्शन देने का कार्य जारी है। सिंह ने बताया कि कोटा में आरएसजीएल 19 औद्योगिक प्रतिष्ठानों को पाइप लाइन से पीएनजी गैस उपलब्ध करा रही है। डीजी जेनरेटर की तुलना में पीएनजी गैस 30 पर्सेंट तक सस्ती मिलने के साथ ही प्रदूषण के स्तर को भी 40 फीसदी तक कम करती है। उन्होंने बताया कि सीएनजी-पीएनजी गैस सस्ती होने के साथ ही निर्बाध आपूर्ति और प्रदूषण के स्तर को भी कम करती है।

एमडी सिंह ने अधिकारियों के साथ बैठक कर आरएसजीएल के डीजीएम मार्केटिंग विवेक रंजन, कोटा के डीजीएम आनंद कुमार आर्य और सीपी चौधरी को भी उद्यमियों से सीधा संवाद कायम करने का निर्देश दिया, ताकि अधिक से अधिक औद्योगिक प्रतिष्ठानों को पीएनजी गैस सुविधा से जोड़ते हुए निर्बाध आपूर्ति, सस्ता ईंधन और प्रदूषण स्तर को कम करने में भागीदारी निभाई जा सके। बैठक में डीजीएम विवेक श्रीवास्तव, सीएफओ दीप्तांशु पारीक, मैनेजर आईटी गगनदीप राजोरिया, सीएस रवि अग्रवाल और प्रभारी पीआर राजेन्द्र शर्मा ने भी हिस्सा लिया।

# भीलवाड़ा के उद्यमियों ने सप्ताह में दो दिन पावर कट का किया विरोध

**भीलवाड़ा/नि.सं.।** मेवाड़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने राज्य के मुख्यमंत्री, ऊर्जा मंत्री एवं संबंधित अधिकारियों को प्रतिवेदन भेजकर विद्युत विभाग की ओर से उद्योगों में सप्ताह में दो बार 10-12 घंटे के पावर कट का कड़ा विरोध किया है। साथ ही टेक्सटाइल सेक्टर, सीमेंट, जिंक उद्योगों को कंटीन्यूअस प्रोसेस इंडस्ट्री के रूप में वर्गीकृत कर पावर कट से मुक्त रखने की मांग की है। इसके अलावा ओपन एसेस से पावर खरीदने पर क्रॉस सब्सिडी चार्जेज से भी मुक्त करने की मांग की गई है।

मेवाड़ चैंबर के मानद महासचिव आरके जैन ने बताया कि हाल ही में विद्युत विभाग की ओर से इंडस्ट्रीज को सप्ताह में दो बाद 10-12 घंटे का पावर कट कर दिया है। इस कारण से संकटग्रस्त समय में उद्योग और ज्यादा परेशानी में आ गए हैं। टेक्सटाइल सेक्टर, सीमेंट और जिंक उद्योग कंटीन्यूअस प्रोसेस इंडस्ट्री है, लेकिन राजस्थान में उद्योगों को इस श्रेणी में वर्गीकृत नहीं किया हुआ है। जबकि अन्य राज्यों में टेक्सटाइल एवं अन्य उद्योगों को कंटीन्यूअस प्रोसेस इंडस्ट्री के रूप में वर्गीकृत कर रखा है। चैंबर ने मांग की है कि टेक्सटाइल, सीमेंट और जिंक उद्योगों को कंटीन्यूअस प्रोसेस इंडस्ट्री मानते हुए पावर कट से अलग रखा जाए। जैन ने कहा कि भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, बांसवाड़ा और डूंगरपुर में टेक्सटाइल सेक्टर में करीब 2.5 लाख व्यक्तियों को प्रत्यक्ष रोजगार मिला हुआ है। सप्ताह में दो दिन उद्योग बंद होने से मजदूरों में काफी असंतोष है एवं कानून व्यवस्था की स्थिति भी खराब हो रही है।

जैन ने बताया कि राजस्थान में कुछ सालों पूर्व तक ओपन एसेस से पावर खरीदने पर कोई चार्ज नहीं लगते थे। राज्य में बिजली की सरप्लस स्थिति थी एवं अन्य राज्यों को दी जा रही थी। लेकिन पिछले तीन-चार वर्षों से ओपन एसेस से पावर खरीदने पर अत्यधिक व्हीलिंग एवं क्रॉस सब्सिडी चार्जेज लगा दिए गए हैं। राज्य की इन उद्योग विरोधी निर्णय से वर्तमान में कोई भी उद्योग ओपन एसेस से पावर नहीं ले पा रहा है। साथ ही सरकार को भी ओपन एसेस से पावर खरीदने पर किसी तरह का राजस्व नही मिल रहा है। ऐसे में प्रदेश में पावर की पूर्ण उपलब्धता होने तक उद्योगों द्वारा ओपन एसेस से पावर खरीदने पर सभी तरह के शुल्क समाप्त कर देने चाहिए, ताकि उद्योग आवश्यकता पड़ने पर ओपन एसेस से पावर खरीद सके।

**टेक्सटाइल, सीमेंट और जिंक को कंटीन्यूअस प्रोसेस इंडस्ट्री के रूप में वर्गीकृत करने की मांग**



## रीको की कार्यशैली से सीएम को कराया अवगत

**इस** बीच, भीलवाड़ा में संभावित टेक्सटाइल पार्क योजना में रोड़ा बनती नजर आ रही रीको की कार्यशैली को लेकर उद्योग जगत में खासा आक्रोश है। यह आक्रोश यहां उद्योगपति रामपाल सोनी के शास्त्रीनगर स्थित निवास पर आयोजित रात्रि भोज में भी देखने को मिला, जब उद्योगपतियों ने अनौपचारिक बैठक में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को एक लिखित पत्र देते हुए रीको की कार्रवाई पर कड़ा ऐतराज जताया। इसके अलावा विद्युत समस्या को लेकर भी अपनी व्यथा कही। जानकार सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री ने जिले के उद्यमियों से उद्योगों के हालात पर खुली चर्चा की। इस दौरान उद्योगपतियों ने कहा कि भीलवाड़ा के लिए टेक्सटाइल पार्क का विकास बहुत महत्वपूर्ण है, लेकिन रीको के अधिकारियों ने योजना को रोकने के लिए रुपाहेली के निकट मेमो कोच उद्योग के लिए आरक्षित की गई भूमि पर अपना दावा ठोक दिया है। उद्योगपतियों ने मुख्यमंत्री से केन्द्र सरकार की टेक्सटाइल पार्क योजना के लिए भूमि को आरक्षित रखने की गुहार की गई। उद्यमियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि भीलवाड़ा के उद्योगों के सामने सबसे बड़ी समस्या पावर कट की बनी हुई है, जिससे बड़ा नुकसान हो रहा है। इस दौरान संगम ग्रुप के चेयरमैन रामपाल सोनी, उद्योगपति जेसी लढ़ा, लगनम उद्योग के चेयरमैन डीपी मंगल, संगम ग्रुप के एसएन मोदानी और मेवाड़ चैंबर के मानद महासचिव आरके जैन भी उपस्थित थे।

# एसएमई सेक्टर हमारे देश की इकोनॉमी की रीढ़ : राजीव अरोड़ा

**जयपुर/कार्यालय संवाददाता**

प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) की जटिलताओं और व्यापार विस्तार को उत्प्रेरित करने की उनकी क्षमता पर चर्चा करने के लिए आईपीओ-दायरा और प्रक्रिया विषय पर आयोजित संगोष्ठी में उद्योग विशेषज्ञों और विचारकों की एक विशिष्ट सभा बुलाई गई। मुख्य अतिथि राजीव अरोड़ा, आरईपीसी और राजसिको के अध्यक्ष, मुख्य वक्ता अजय ठाकुर, बीएसई एसएमई प्रमुख, मुंबई और अक्षय कोठारी, मर्चेंट बैंकिंग विशेषज्ञ थे।

राजीव अरोड़ा ने कहा कि एसएमई क्षेत्र निर्विवाद रूप से हमारे देश की इकोनॉमी की रीढ़ है। इसके योगदान को कम करके आंका नहीं जा सकता, क्योंकि यह आर्थिक विकास और रोजगार सृजन की नींव बनाता है। राजस्थान सरकार ने कई योजनाएं लागू की हैं, जो न केवल इस




विकास को सुविधाजनक बना रही हैं बल्कि राजस्थान में अपनी उपस्थिति स्थापित करने के लिए उद्योगों को भी आकर्षित कर रही हैं।

अरोड़ा ने कहा कि यह उल्लेखनीय है कि हमारा लगभग 40 फीसदी कार्यबल एसएमई क्षेत्र में कार्यरत है। इस क्षेत्र का लचीलापन और अनुकूलनशीलता सराहनीय है और यह आजीविका सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। राजस्थान सरकार की मिशन निर्यातक बनो जैसी योजनाएं सफल रही हैं। राजस्थान में हमारे निर्यातकों पर परिवर्तनकारी प्रभाव का लाभ हुआ है। इस योजना में तीसरे पक्ष के चैनलों को दरकिनार करते हुए अपने उत्पादों को सीधे निर्यात करने का अधिकार दिया है, जो राज्य की इकोनॉमी के लिए एक महत्वपूर्ण बढ़ावा है।

संगोष्ठी ने व्यापारिक नेताओं, उद्यमियों, वित्तीय विशेषज्ञों और महत्वाकांक्षी सार्वजनिक कंपनियों सहित प्रतिभागियों के बीच नेटवर्किंग और ज्ञान के आदान-प्रदान के लिए एक अनूठा मंच प्रदान किया। नई पूंजी लगाने, बाजार की दृश्यता बढ़ाने और व्यवसायों के लिए विकास के अवसरों को अनलॉक करने के लिए आईपीओ की क्षमता के इर्द-गिर्द चर्चा हुई। जैसे-जैसे व्यवसाय विस्तार और विकास के रास्ते तलाशते रहते हैं, आईपीओ आकर्षक विकल्प बना हुआ है।

## नेशनल • इंटरनेशनल

# 'इस महीने से खुदरा महंगाई नरम पड़ने की उम्मीद'

**इंदौर (मध्यप्रदेश)/एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने उम्मीद जतायी कि इस महीने से खुदरा महंगाई में कमी की शुरुआत हो सकती है।

उन्होंने टमाटर जैसी सब्जियों की कीमतों में कमी के साथ ही गैर-बासमती चावल के निर्यात पर बंदिशों और घरों में इस्तेमाल होने वाले रसोई गैस सिलेंडर के दामों में कटौती को लेकर केंद्र सरकार के कदमों का हवाला देते हुए यह बात कही। दास, स्थानीय विद्यार्थियों से संवाद के लिए इंदौर के देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले, उन्होंने रिजर्व बैंक के केंद्रीय बोर्ड की बैठक में भी हिस्सा लिया। रिजर्व बैंक के गवर्नर ने कहा,''हम उम्मीद करते हैं कि सितंबर से खुदरा महंगाई घटने की शुरुआत हो जाएगी। हालांकि, अगस्त की (खुदरा) महंगाई दर बहुत ज्यादा रहेगी, लेकिन सितंबर से महंगाई कम होनी शुरू हो सकती है।''

उन्होंने कहा कि टमाटर के दाम पहले ही गिर चुके हैं और इस महीने से अन्य सब्जियों के खुदरा मूल्य भी घटने की उम्मीद है। दास ने कहा कि सरकार ने लोगों को टमाटर और आम जरूरत की अन्य चीजों की किफायती दाम पर आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा,''गैर बासमती चावल के निर्यात पर बंदिशें लगाई गई हैं। घरों में इस्तेमाल होने वाले रसोई गैस सिलेंडर के दामों में हाल ही में कटौती की गई है।''

आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक सब्जियों समेत मुख्य रूप से खाने का सामान महंगा होने से इस साल जुलाई में खुदरा महंगाई दर उछलकर 7.44 प्रतिशत पर पहुंच गई जो पिछले 15 महीने के दौरान इसका सबसे ऊंचा स्तर था। जून में यह 4.81 प्रतिशत थी। आरबीआई को खुदरा महंगाई दर दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर रखने की जिम्मेदारी मिली हुई है। रिजर्व बैंक के गवर्नर ने कहा,''जुलाई में (खुदरा) महंगाई की दर बहुत ऊंचे स्तर पर रही थी। इससे सबको आश्चर्य हुआ। लेकिन मुख्य तौर पर टमाटर और अन्य सब्जियों के दाम ज्यादा होने के कारण हम उम्मीद कर रहे थे कि जुलाई में यह ज्यादा ही रहेगी।'' उन्होंने कहा कि तमाम वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है।

## विदेशी मुद्रा भंडार तीन करोड़ डॉलर घटकर 594.86 अरब डॉलर पर

**मुंबई/एजेंसी।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 25 अगस्त को समाप्त सप्ताह में तीन करोड़ डॉलर घटकर 594.86 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने यह जानकारी दी। पिछले सप्ताह, कुल भंडार 7.27 अरब डॉलर घटकर 594.89 अरब डॉलर रह गया था। अक्टूबर 2021 में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 645 अरब अमेरिकी डॉलर के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था।

पिछले साल वैश्विक घटनाक्रम के कारण उत्पन्न दबाव के बीच केंद्रीय बैंक ने रुपये की विनिमय दर में गिरावट को रोकने के लिए पूंजी भंडार का उपयोग किया, जिससे विदेशी मुद्राभंडार प्रभावित हुआ। रिजर्व बैंक के साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार, 25 अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 53.8 करोड़ डॉलर घटकर 527.25 अरब डॉलर रह गई। डॉलर में अभिव्यक्त की जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पौंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं में आई घट-बढ़ के प्रभावों को भी शामिल किया जाता है। स्वर्ण भंडार का मूल्य 53 करोड़ डॉलर बढ़कर 44.35 अरब डॉलर हो गया।

## निर्यात बढ़ाने के लिए जिलों का रुख करेगी सरकार : डीजीएफटी

**कोलकाता/एजेंसी।** विदेश व्यापार महानिदेशक (डीजीएफटी) संतोष सारंगी ने कहा कि सरकार निर्यात बढ़ाने के लिए जिलों का रुख करेगी। उन्होंने यहां उद्योग मंडल इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स में संवाददाताओं से कहा कि देश के कुल निर्यात में 80 प्रतिशत हिस्सेदारी देश के 70 जिलों की है।

सारंगी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में अब तक इस मकसद के लिए दो जिलों दार्जिलिंग और हावड़ा की पहचान की गई है। चाय के लिए दार्जिलिंग और आभूषण तथा इंजीनियरिंग से जुड़ी वस्तुओं के लिए हावड़ा.. उनके लिए निर्यात योजनाएं भी लाई गई हैं।

उन्होंने कहा, '' जिलों में निर्यात बढ़ाने की बहुत बड़ी संभावना है। देश के कुल निर्यात में केवल 70 जिलों की हिस्सेदारी 80 प्रतिशत है।''

वाणिज्य मंत्रालय के अधीन आने वाला डीजीएफटी देश की व्यापार नीति बनाता है और उसे लागू करता है।

भारत का सकल घरेलू उत्पाद के मुकाबले निर्यात का अनुपात अभी 22 प्रतिशत है, जो जर्मनी तथा ताइवान जैसे देशों से कम है।

## सरकार दोहरे उपयोग वाली वस्तुओं के निर्यात पर नियंत्रण बढ़ाएगी : अधिकारी

**कोलकाता/एजेंसी**

सरकार दोहरे उपयोग वाली वस्तुओं के निर्यात पर नियंत्रण बढ़ाएगी। विदेश व्यापार महानिदेशक संतोष सारंगी ने कहा कि इन वस्तुओं को सरकार से इतर तत्वों और आतंकवादियों के हाथों में पड़ने से बचाने के लिए ऐसा किया जाएगा। दोहरे उपयोग वाली वस्तुएं वे हैं जिनका इस्तेमाल नागरिक और सैन्य उद्देश्यों के लिए किया जाता है।

सारंगी ने यहां इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स में कहा कि भारत अब ऑस्ट्रेलिया समूह जैसे कई बहुपक्षीय समूहों का हिस्सा है। उन्होंने कहा, बढ़े हुए निर्यात नियंत्रण से यह सुनिश्चित होगा कि ये दोहरे उपयोग वाली वस्तुएं सरकार से इतर तत्वों और आतंकवादियों के हाथों में न पड़ें। सारंगी ने यह भी कहा कि डीजीएफटी (विदेश व्यापार महानिदेशालय) अंतर-मंत्रालयी परामर्श के बाद दोहरे उपयोग वाली वस्तुओं की एक विशेष रसायन, जीव, सामग्री, उपकरण और प्रौद्योगिकी (विशेष स्कोमेट) की सूची तैयार कर रहा है। उन्होंने कहा, हमारे पास दोहरे उपयोग वाली वस्तुओं के निर्यात पर नियंत्रण की सख्त व्यवस्था है। हम उन देशों पर भी नजर रखते हैं, जहां ये वस्तुएं भेजी जाती हैं। विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव (निशस्त्रीकरण और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मामले) मुआनपुई सैयावी ने कहा कि प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के क्षेत्र में दोहरे उपयोग वाली वस्तुओं के निर्यात पर नियंत्रण चुनौतीपूर्ण है और इसके लिए सरकार, उद्योग और अन्य संबंधित पक्षों के बीच साझेदारी महत्वपूर्ण है।

## वाणिज्य मंत्रालय ने चीनी कांच के आयात पर पांच साल के लिए डंपिंग-रोधी शुल्क लगाने की सिफारिश की

**नयी दिल्ली/एजेंसी**

वाणिज्य मंत्रालय ने घरेलू कंपनियों को चीन से आने वाले सस्ते उत्पादनों से बचाने के लिए घरेलू उपकरणों में इस्तेमाल होने वाले चीनी कांच के आयात पर 243 डॉलर प्रति टन तक डंपिंग-रोधी शुल्क लगाने की सिफारिश की है। शुल्क लगाने पर अंतिम निर्णय वित्त मंत्रालय लेगा।

एक घरेलू कंपनी द्वारा शिकायत किए जाने पर वाणिज्य मंत्रालय की जांच इकाई व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) ने चीन में बनने वाले या वहां से निर्यात किए गए '1.8 एमएम से 8 एमएम के बीच मोटाई और 0.4 वर्ग मीटर या उससे कम आकार वाले कठोर कांच' की कथित डंपिंग की जांच की है।

कांच प्रसंस्करण की सुरक्षा/विशेषता के एक निकाय फेडरेशन ऑफ सेफ्टी ग्लास ने डंपिंग-रोधी जांच शुरू करने के लिए आवेदन दिया था।

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि उत्पादों की डंपिंग से घरेलू उद्योग प्रभावित हो रहा है। डीजीटीआर ने जांच के बाद कहा कि उत्पाद को भारत में सामान्य से भी कम कीमत पर निर्यात किया जा रहा है, जिससे डंपिंग हो रही है और उससे घरेलू विनिर्माता प्रभावित हो रहे हैं।

**PODDAR PIGMENTS पोद्दार पिगमेंट्स लिमिटेड**

सीआईएन : L24117RJ1991PLC006307
पंजीकृत कार्यालय : ई-10-11 एवं एफ-14 से 16, रीको औद्योगिक क्षेत्र, सीतापुरा, जयपुर, (राजस्थान) - 302022 दूरभाष नंबर : 0141-2770202/03,
ई-मेल पता : com.sec@poddarpigmentsltd.com, वेबसाइट का पता : www.poddarpigmentsltd.com

**32वीं वार्षिक आम बैठक एवं रिमोट ई-वोटिंग की सूचना**

एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि कंपनी के सदस्यों की 32वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) बुधवार, 27 सितंबर, 2023 को सुबह 11.00 बजे, क्राउन प्लाजा, सीतापुरा औद्योगिक क्षेत्र, टोंक रोड, जयपुर - 302022, राजस्थान, में एजीएम की सूचना में निर्धारित व्यवसाय का संचालन करने के लिए आयोजित की जाएगी।

वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए एजीएम की सूचना, वार्षिक रिपोर्ट और उपस्थिति पर्ची इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से उन सदस्यों को भेज दी गई है जिनके ई-मेल पते कंपनी के आरटीए/डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के साथ पंजीकृत हैं, जब तक कि किसी भी सदस्य ने इसकी भौतिक प्रति के लिए अनुरोध न किया हो। वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए एजीएम की सूचना, वार्षिक रिपोर्ट और उपस्थिति पर्ची कंपनी की वेबसाइट www.poddarpigmentsltd.com, सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (''सीडीएसएल'') की वेबसाइट https://www.evotingindia.com एवं स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइटों (बीएसई लिमिटेड www.bseindia.com और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड www.nseindia.com), पर उपलब्ध है और इन्हे यंहा से डाउनलोड किया जा सकता है।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के साथ पठित कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 और सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियमन 44 के अनुपालन में, सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक रूप (सीडीएसएल द्वारा उपलब्ध कराई गई) से एजीएम के नोटिस में निर्धारित सभी प्रस्तावों पर रिमोट ई-वोटिंग से अपना वोट डालने की सुविधा प्रदान की जाती है।

सदस्यों के मतदान अधिकार (रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से या बैठक में मतदान पत्रों के माध्यम से मतदान के लिए) बुधवार, 20 सितंबर, 2023 (कट-ऑफ तिथि) को कंपनी की प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी में उनके हिस्से के अनुपात में होंगे।

रिमोट ई-वोटिंग की अवधि रविवार, 24 सितंबर, 2023 को सुबह 9 बजे (आईएसटी) से शुरू होगी और मंगलवार, 26 सितंबर, 2023 को शाम 5.00 बजे (आईएसटी) समाप्त होगी। इस अवधि के दौरान, सदस्य इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डाल सकते हैं। रिमोट ई-वोटिंग मॉड्यूल को उपरोक्त तिथि और समय के बाद सीडीएसएल द्वारा अक्षम कर दिया जाएगा और एक बार सदस्य द्वारा प्रस्ताव पर वोट डालने के बाद, सदस्य को बाद में इसे बदलने या दोबारा वोट डालने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

एजीएम स्थल पर पोलिंग पेपर के माध्यम से मतदान की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। बैठक में भाग लेने वाले सदस्य, जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपना वोट नहीं डाला है, वे मतदान पत्र के माध्यम से बैठक में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। जो सदस्य पहले ही रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपना वोट डाल चुके हैं, वे एजीएम में भाग ले सकते हैं, लेकिन वे एजीएम में दोबारा वोट डालने के हकदार नहीं होंगे।

एक व्यक्ति जिसका नाम कट-ऑफ तिथि यानी 20 सितंबर, 2023 को सदस्यों के रजिस्टर में या डिपॉजिटरी द्वारा बनाए गए लाभकारी मालिकों के रजिस्टर में दर्ज है, केवल वही एजीएम में मतदान के रूप में रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा का लाभ उठाने का हकदार होगा। कोई भी सदस्य जो कट-ऑफ तिथि पर सदस्य नहीं है, उसे इस नोटिस को केवल सूचना के उद्देश्य से लेना चाहिए।

कोई भी व्यक्ति, जो बैठक की सूचना भेजने के बाद कंपनी का सदस्य बन जाता है और कट-ऑफ तिथि पर शेयर रखता है वह com.sec@poddarpigmentsltd.com पर अनुरोध भेजकर लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता हैं। यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करने की विस्तृत प्रक्रिया बैठक के नोटिस में भी दी गई है जो कंपनी की वेबसाइट और सीडीएसएल की वेबसाइट पर उपलब्ध है। यदि सदस्य पहले से ही सीडीएसएल के साथ पंजीकृत है, तो मौजूदा लॉगिन आईडी और पासवर्ड का उपयोग करके रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक रूप से वोट डाल सकता है।

रिमोट ई-वोटिंग से संबंधित विवरण के लिए कृपया एजीएम की सूचना देखें। रिमोट ई-वोटिंग से संबंधित किसी भी प्रश्न के मामले में, कृपया www.evotingindia.com के डाउनलोड अनुभाग पर उपलब्ध शेयरधारकों के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) और ई-वोटिंग मैनुअल देखें या टोल फ्री नंबर 1800 22 55 33 पर संपर्क करें या helpdesk.evoting@cdslindia.com पर अनुरोध भेजें। रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा से संबंधित शिकायतों के मामले में, कृपया श्री राकेश दलवी, वरिष्ठ प्रबंधक, (''सीडीएसएल'') सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड, ए विंग, 25वीं मंजिल, मैराथन फ्यूचरएक्स, मफतलाल मिल कंपाउंड्स, एन एम जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई-400013, से संपर्क करें या helpdesk.evoting@cdslindia.com पर एक ईमेल भेजें या टोल फ्री नंबर पर 1800 22 55 33 पर कॉल करें।

निदेशक मंडल के आदेश से
पोद्दार पिगमेंट्स लिमिटेड

एसडी/-
अनिल कुमार शर्मा
कंपनी सचिव
एफसीएस नंबर 9382

स्थान : जयपुर
दिनांक : 2 सितंबर, 2023